INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 12	**Topic: Paragraph Worksheet**	**Note: Pl. file in portfolio**

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए : -

एक सरोवर में विशाल नाम का एक कछुआ रहा करता था। उसके पास एक मजबूत कवच था। यह कवच उसे शत्रुओं से बचाता था। कितनी बार उसकी जान कवच के कारण बची थी। एक बार भैंस तालाब पर पानी पीने आई थी। भैंस का पैर विशाल पर पड़ गया था। फिर भी विशाल को कुछ नहीं हुआ। उसकी जान कवच से बची थी। उसे काफी खुशी महसूस हुई क्योंकि बार-बार उसकी जान बच रही थी। यह कवच विशाल को कुछ दिनों में भारी लगने लगा। उसने सोचा कि इस कवच से बाहर निकल कर जिंदगी को जीना चाहिए। अब मैं बलवान हो गया हूँ , मुझे कवच की जरूरत नहीं है। विशाल अगले ही दिन कवच को तालाब में छोड़कर आसपास घूमने लगा। अचानक हिरणों का झुंड तालाब में पानी पीने आया। बहुत सारी हिरणियाँ अपने बच्चों के साथ पानी पीने आई थीं। उन हिरणियों के पैरों से विशाल को चोट लगी, वह रोने लगा। आज उसने अपना कवच नहीं पहना था। विशाल रोता-रोता वापस तालाब में गया और उसने अपना कवच को पहन लिया। अब वह समझ गया था कि कम से कम कवच से जान तो बचती है। इससे हमने सीखा कि प्रकृति से मिली हुई चीज़ों को सम्मान पूर्वक स्वीकार करना चाहिए ।

प्रश्न -1 - विशाल नाम का एक कछुआ कहाँ रहता था?

* एक सरोवर में
* एक झील में
* एक नहर में
* एक नदी में

प्रश्न - 2 - विशाल के पास क्या था?

* एक मजबूत कवच
* एक मजबूत घर
* एक मजबूत पैर
* एक मजबूत साथी

प्रश्न - 3 - विशाल को शत्रुओं से कौन बचाता था?

* उसका कवच
* उसका मित्र
* उसका हाथ
* उसका पैर

प्रश्न - 4 - एक बार तालाब पर पानी पीने कौन आई थी?

* भैंस * बकरी * भेड़ * गाय

प्रश्न - 5 - बार-बार उसकी जान बचने के कारण उसे क्या महसूस हो रहा था?

* काफी खुशी * काफी दुःख
* काफी दर्द * काफी बुरा

प्रश्न - 6 - विशाल को कुछ दिनों में क्या भारी लगने लगा था ?

* तालाब * कवच * पानी * पैर

प्रश्न -7- इस कवच से बाहर निकल कर जिंदगी को जीना चाहिए-किसने सोचा था ?

* विशाल ने * भैंस ने * हिरणियों ने * बच्चों ने

प्रश्न - 8- विशाल अगले ही दिन कवच को कहाँ छोड़कर आसपास घूमने लगा था ?

* तालाब में * मैदान में * घर में * जंगल में

प्रश्न -9 - अचानक तालाब में कौन पानी पीने आया था ?

* शेरों का झुंड *भेड़ों का झुंड *हिरणों का झुंड *बकरियों का झुंड

प्रश्न -10 - इस गद्यांश से हमें क्या सीख मिलती है कि- प्रकृति से मिली हुई चीज़ों को -----------

* सम्मान पूर्वक स्वीकार करना चाहिए ।
* सम्मान पूर्वक स्वीकार नहीं करना चाहिए ।
* स्वीकार नहीं करना चाहिए ।
* स्वीकार करना कठिन लगना चाहिए ।

****